राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : 01.09.2015

–: प्रेस–विज्ञप्ति :–

आयोग द्वारा दिनांक 21.02.2015 को आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड II & III (मा.शि. विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 के विज्ञापित पदों के दो गुणा अभ्यर्थियों की दिनांक 14.06.2015 को जारी सूची के 7848 अभ्यर्थियों में से विस्तृत आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्रों के साथ संलग्न खेल प्रमाण–पत्रों की जाँच के उपरांत प्रदान खेल अंक आयोग द्वारा आयोग की वेबसाईट rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी कर दिये गये है। शेष अभ्यर्थियों के खेल अंक यथाशीघ्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किये जावेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र मय खेल प्रमाण पत्र आयोग में प्रस्तुत नहीं किये है वे आवश्यक रूप से दिनांक 09.09.2015 तक आयोग में प्रस्तुत करें।

यदि किसी अभ्यर्थी को आयोग द्वारा जारी खेल अंकों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह दिनांक 09.09.2015 सांय 6.00 बजे तक अपना प्रार्थना–पत्र, मय खेल प्रमाण–पत्रों के आयोग को व्यक्तिशः प्रस्तुत कर सकता है, ताकि उनकी आपत्तियों का निस्तारण किया जा सके। दिनांक 09.09.2015 के पश्चात् प्राप्त प्रार्थना–पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

सचिव